**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2817**
**बुधवार, 3 अगस्त, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**"स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर" अभियान**

**†2817.डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**
**श्री कृपानाथ मल्लाह:**
**श्री सु. थिरुनवुक्करासर:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने देश मे "स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर" नाम से एक विशेष अभियान शुरू करने की योजना बनाई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत मंजूर की जाने वाली संभावित राशि और लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु में इस कार्यक्रम के अंतर्गत कवर किए जाने वाले समुद्री तटों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) इसके कब तक शुरू होने की संभावना है;
(च) क्या उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आम आदमी की भागीदारी से देश भर में 75 समुद्र तटों की सफाई की शुरुआत की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(छ) क्या देश भर में समुद्र तटों से कचरा हटाने और समुद्री जीवन और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत प्रदान करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) जी, हां।

(ख) "स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर / स्वच्छ तट सुरक्षित समुद्र" अभियान सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से समुद्र के स्वास्थ्य में सुधार के लिए जन-नेतृत्व वाला एक 75-दिवसीय अभियान है। यह अभियान 5 जुलाई, 2022 को शुरू हुआ और इसमें 3 रणनीतिक अंतर्निहित लक्ष्य हैं जिनका प्रयोजन व्यवहार परिवर्तन के माध्यम परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण हैं। अभियान के तीन अंतर्निहित लक्ष्य हैं -1. जिम्मेदारी से उपभोग 2. घर पर कचरे की छंटाई और 3. जिम्मेदारी से कचरे का निपटान।

यह अभियान देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के समारोहों के साथ ही चलाया जा रहा है; देश भर के 75 समुद्री तटों पर तटीय स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें तटरेखा के प्रत्येक किलोमीटर के लिए 75 स्वयंसेवकों को शामिल किया जाएगा। 17 सितंबर, 2022 (अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस) को सबसे बड़े समुद्री तट स्वच्छता कार्यक्रम के साथ इस अभियान का समापन होगा, जिसमें भारत की 7500+ किमी तटरेखा के समानांतर 75 समुद्र तटों को शामिल किया जाएगा।

इस अभियान में अन्य सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, मत्स्यपालन और पशुपालन मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारतीय तटरक्षक बल, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि शामिल होंगे।

(ग) इस कार्यक्रम के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय की परिकल्पना की गई है ।

(घ) पूरे भारत में 75 समुद्र तटों और तमिलनाडु से लगभग 8 समुद्री तटों की पहचान की गई है। चयनित समुद्री तटों की पूरी सूची अनुलग्नक में दी गई है।

(ड़.) समुद्र तट की सफाईकी प्रमुख गतिविधियां17 सितंबर 2022 को की जाएंगी। अभियान पूर्व गतिविधियाँ 05 जुलाई 2022 को शुरू कर दी गई हैं ।

(च) इस अभियान के मुख्य प्रतिभागियों में आजीविका के लिए समुद्रों और समुद्री तटों पर निर्भर स्थानीय समुदाय, स्कूल और कॉलेज के छात्र, युवा और सामान्य नागरिक शामिल हैं। इस अभियान के मुख्य संदेशों को देने के लिए वर्चुअल और वास्तविक, दोनों स्वरूप होंगे तथा इसमें पर्यावरणीय धारणीयता को बढ़ावा देने वाली जीवन शैली और व्यवहार परिवर्तनों को अपनाने में लक्षित प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। वचुर्अल गतिविधियों के उदाहरणों में प्रश्न, शपथ और चुनौतियाँ शामिल हैं। वास्तविक गतिविधियों में रैलियों, नाटकों और प्रतियोगिताओं आदि के साथ समुद्र तट की वास्तविक सफाई शामिल होगी।

यह दुनिया में अपनी तरह का पहला और सबसे लंबे समय तक चलने वाला तटीय सफाई अभियान है, जिसमें सबसे अधिक संख्या में लोग भाग ले रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से यह जागरूकता बढ़ाकर कि प्लास्टिक का उपयोग हमारे समुद्री जीवन को कैसे नष्ट कर रहा है, आम जनता के व्यवहार में बड़े पैमाने पर परिवर्तन लाने का इरादा है।

अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और 17 सितंबर 2022 को समुद्र तट की सफाईसंबंधी गतिविधि के लिए स्वैच्छिक पंजीकरण हेतु आम लोगों के लिए एक मोबाइल ऐप "इकोमित्रम " लॉन्च किया गया है।

(छ) इस कार्यक्रम का लक्ष्य समुद्री तटों से 1,500 टन समुद्री कचरे को हटाना है जो समुद्री जीवों और तटीय क्षेत्रों के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत होगी।

**अनुलग्नक**

## समुद्र तटों की सूची

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | समुद्र तट का नाम | टिप्पणियां |
|---|---|---|
| दमन | देवका  समुद्र तट | दमन |
| | जम्पोरे  समुद्र तट | |
| महाराष्ट्र | जुहू  समुद्र तट | मुंबई |
| | गिरगांव  चौपाटी | |
| | मांडवी  समुद्र तट | रत्नागिरि |
| | मालगुंडा  समुद्र तट | |
| | मुरुद | रायगढ़ |
| | चिखले | पालघर |
| गोवा | मीरामार | पणजी |
| | बैना | वास्को |
| | बोंग्मालो | |
| | वेलसाओ | दक्षिण गोवा |
| | कोल्वा समुद्र तट | |
| कर्नाटक | पानाम्बुर समुद्र तट | मंगलौर |
| | मालपे समुद्र तट | मालपे |
| | गोर्टी समुद्र तट | भटकल |
| | अघनाशिनी समुद्र तट | कुमटा |
| केरल | बेपोर समुद्र तट | कोझिकोड |
| | चेराई समुद्र तट | एर्नाकुलम |
| | कुजीहिपल्ली समुद्र तट | |
| | एझिकल समुद्र तट | कोल्लम |
| | कोवलम समुद्र तट | तिरुवनंतपुरम |
| लक्षद्वीप | चटचेरी जेट्टी समुद्र तट | कावारत्ती |
| | मूला समुद्र तट | एंड्रोथ |
| | कोडी समुद्र तट | मिनीकॉय |
| गुजरात | चौपाटी समुद्र तट | पोरबंदर |
| | माधवपुर समुद्र तट | पोरबंदर |
| | सोमनाथ समुद्र तट | गिर सोमनाथ, वेरावल |
| | घोघला समुद्र तट | दीव, वेरावल |
| | झंझमेर समुद्र तट | भावनगर, पिपावाव |
| | पिंगलेश्वर समुद्र तट | भुज पश्चिम, जखाउ |
| | नाररा समुद्र तट | वाडिनार, वाडिनार |
| | मांडवी समुद्र तट | मांडवी, मुंद्रा |
| | ओखा लाइट हाउस टू पवन चक्की | ओखा |
| | दांडी समुद्र तट | नवसारी, सूरत |
| आंध्र प्रदेश | आरके समुद्र तट | विशाखापत्तनम |
| | यारदा समुद्र तट | विशाखापत्तनम |
| | रुशिकोंडा समुद्र तट | विशाखापत्तनम |
| | काकीनाडा समुद्र तट | काकीनाडा |
| | एनटीआर समुद्र तट | काकीनाडा |
| | ढींडी समुद्र तट | निज़ामपट्नम |
| | सूर्यलंका समुद्र तट | निज़ामपट्नम |
| | कृष्णापट्टनम समुद्र तट | कृष्णापट्टनम |

| | | |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | मरीना समुद्र तट | चेन्नई |
| | बेसेंट नगर समुद्र तट | चेन्नई |
| | तिरुवन्मियूर समुद्र तट | चेन्नई |
| | आर्यमान समुद्र तट | मंडपम |
| | पिरप्पन वलसाई समुद्र तट | मंडपम |
| | वीओसी समुद्र तट | तूतिकोरिन |
| | मुथुनगर समुद्र तट | तूतिकोरिन |
| | मल्लकाडू समुद्र तट | तूतिकोरिन |
| पुदुच्चेरी | गांधी समुद्र तट | पुदुच्चेरी |
| | ऑरोविले समुद्र तट | पुदुच्चेरी |
| | किलिंजामेडु समुद्र तट | कराईकल |
| | कराईकल समुद्र तट | कराईकल |
| पश्चिम बंगाल | हल्दाई नदी फ्रंट समुद्र तट | हल्दाई |
| | बक्खाली समुद्र तट | बक्खाली |
| | हेनरी द्वीप समुद्र तट | बक्खाली |
| | दीघा समुद्र तट | दीघा |
| उड़ीसा | पारादीप समुद्र तट | पारादीप |
| | नेहरू बांग्ला समुद्र तट | पारादीप |
| | चंद्रवागा समुद्र तट | पारादीप |
| | पुरी समुद्र तट | पुरी |
| | गोपालपुर समुद्र तट | गंजम |
| | बटेश्वर समुद्र तट | गंजम |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | कालीपर समुद्र तट | दिगलिपुर |
| | कर्मथांग समुद्र तट | मायाबंदर |
| | रमन बागीचा समुद्र तट | रंगत |
| | कार्बेन कूव्स समुद्र तट | पोर्ट ब्लेयर |
| | राधानगर समुद्र तट | स्वराज्य द्वीप |
| | चट्टन समुद्र तट | हटबे |
| | कनक समुद्र तट | कमोर्ता |
| | गांधी नगर समुद्र तट | कैम्पबेल खाड़ी |
| | मलक्का समुद्र तट | कार्निक |
| | कलासी समुद्र तट | टेरेसा |

*******